वरूण कपूर को आयटा ने किया सम्मानित

इंदौर। ऑल इंडिया आईटी एसोसिएशन (आयटा) ने विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर इंदौर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं साइबर क्राइम विशेषज्ञ वरूण कपूर (आईपीएस) को सम्मानित किया गया। यह जानकारी आयटा के अध्यक्ष संतोष शुक्ला एडवोकेट ने दी।

इस अवसर पर कपूर ने आधुनिक युग में तेजी से बढ़ते जा रहें साइबर क्राइम पर चर्चा करते हुए बताया कि साइबर क्राइम एक्ट एवं भारतीय दण्ड संहिता की विभिन्न धाराओं में अपराधियों को दंड़ित करने के प्रावधान है। हालांकि इसके साथ-साथ जनमानस में साइबर क्राइम के बारे में जागरुकता बढ़ाना आवश्यक है। पुलिस विभाग इस दिशा में तकनीकी एवं आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से नियंत्रण रखता है। इस अवसर पर कपूर का शॉल-श्रीफल, सम्मान पत्र के साथ स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. ब्रह्मदेव त्रिपाठी, सुरेश वर्मा, मुकेश मिश्रा, डॉ. दिलीप एन. पंडित, डॉ. सुचिता शुक्ला आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने किया एवं आभार डॉ. प्रदीप मिश्र ने व्यक्त किया।